ज्ञापांक :–10–वि०स०–38 / 2023 / ग्रा०वि०– 3119, राँची, दिनांक :– 30/07/2023

प्रतिलिपि :– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–4311(अनु०), दिनांक–26.07.2023 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

30.07.2023

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक :–10–वि०स०–38 / 2023 / ग्रा०वि०– 3119, राँची, दिनांक :– 30/07/2023

प्रतिलिपि :– उप सचिव–सह–प्रभारी पदाधिकारी (विधान सभा), ग्रामीण विकास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

30.07.2023

सरकार के अवर सचिव।

माननीय स०वि०स० श्री विरंची नारायण द्वारा दिनांक 31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–05 से संबंधित उत्तर सामग्री

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है, कि बोकारो सहित राज्यभर में प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, डीपीएलआर कार्यालय सहित राज्य सरकार में विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों का लंबे समय से स्थानांतरण नहीं हुआ है, जिससे कई कर्मचारी ऐसे हैं जो 5–6 वर्षों से अधिक समय से एक ही कार्यालय अंन्तर्गत पदस्थापित और प्रतिनियुक्त हैं;	इस संबंध में संबंधित प्राधिकारों से सूचना प्राप्त की जा रही है।
2.	क्या यह बात सही है, कि जिला स्तर में इन कर्मचारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन एवं प्रतिनियुक्ति जिला स्थापना की बैठक के निर्णय के आधार पर वर्ष में 2 बार होती है, बावजूद इसके आज भी बोकारो सहित राज्य के कई जिलों में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में कार्यरत कई कर्मचारी (लिपिक, नाजीर, आदेशपाल, ऑफिस असिस्टेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इत्यादि) 5–6 वर्षों से अधिक एक ही कार्यालय में कार्यरत हैं;	मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अधिसूचना संख्या–1519 दिनांक–08.12.2017 के अनुसार स्थानान्तरण एवं पदस्थापन वर्ष में साधारणतः केवल एक बार माह जुन–जुलाई में किये जायेंगे। इस प्रश्न के द्वितीय भाग के संबंध में संबंधित प्राधिकारों से सूचना प्राप्त की जा रही है।
3.	क्या यह बात सही है कि कई कर्मचारी तो ऐसे भी हैं, जिनका नियुक्ति काल से लेकर अब तक जिला के एक प्रखण्ड से दूसरे प्रखण्ड में स्थानांतरण नहीं हुआ है, जिससे ये कर्मचारी एक प्रखण्ड के एक ही कार्यालय में कार्य करते हुए निरंकुश हो जाते हैं और पब्लिक के साथ मनमाना रवैया अपनाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार बढ़ रहा हैं;	उपर्युक्त खण्ड–1 के अनुसार।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार व्यापिक जनहित में इसी वित्तीय वर्ष में बोकारो सहित राज्यभर के विभिन्न जिलों और अंचलों/प्रखंडों में पदस्थापित ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित करते हुए तत्काल इनको स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई करने का अनुरोध संबंधित प्राधिकारों से किया गया है।

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–15/झा०वि०स०–15–18/2023 का.–4366/राँची, दिनांक– 29/07/2023

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञाप संख्या–1658 दिनांक–22.07.2023 के प्रसंग में 250 प्रतियों में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/2023
(ब्रज माधव)
सरकार के अवर सचिव।

माननीय स०वि०स० श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा दिनांक 31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–03 से संबंधित उत्तर सामग्री

क्रं०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है, कि वर्ष 2021 मे राज्य के सभी विभागों में अनुबंध के रूप में कार्यरत कर्मियों से संबंधित नियमावली के गठन हेतु सरकार द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति की गठन की गई थी;	अस्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है, कि 10 वर्षों से सेवा देने वाले सभी विभागों यथा प्रखण्ड स्तरीय मुख्यालय से लेकर राज्य मुख्यालय तक में सेवा नियमित करने का सरकार द्वारा घोषणा किया गया था;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार वाद में संसूचित न्यायनिर्णय के आलोक में राज्यान्तर्गत अनियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण हेतु शर्त्त एवं प्रक्रिया का निरूपण कार्मिक विभागीय अधिसूचना संख्या–1348 दिनांक–13.02.2015 (यथा संशोधित अधिसूचना संख्या–4871 दिनांक–20.06.2019) द्वारा अधिसूचित 'झारखण्ड सरकार के अधीनस्थ अनियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण नियमावली, 2015' में किया गया है। उक्त नियमावली के प्रावधानों के आलोक में संबंधित विभागों के द्वारा नियमानुसार योग्य कर्मियों की सेवा नियमितीकरण की कार्रवाई की जाती है।
3.	क्या यह बात सही है कि राज्य अन्तर्गत विभिन्न विभाग के सभी संवर्गों में अनुबंध कर्मियों व आउट सोर्सिंग (प्रखण्ड स्तर से लेकर राज्य मुख्यालय में कार्यरत कर्मी) के माध्यम से सेवा ली जा रही है;	इस संबंध में संबंधित प्राधिकारों से सूचना प्राप्त की जा रही है।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित नियमावली का गठन करते हुए उक्त कर्मियों के सेवा नियमित करने और आउट सोर्सिंग माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्यरत युवाओं के मानसिक व दैहिक शोषण को रोकने हेतु समुचित उपाय करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	उपर्युक्त खण्ड में स्थिति स्पष्ट की गयी है।

झारखण्ड सरकार
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–15/झा०वि०स०–15–19/2023 का०–4362/राँची, दिनांक– 29.07.2023

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञाप संख्या–1659 दिनांक–22.07.2023 के प्रसंग में 250 प्रतियों में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/2023
(ब्रज माधव)
सरकार के अवर सचिव।

श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, मा०स०वि०स० के द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछे जानेवाले अल्पसूचित प्रश्न संख्या–14 का उत्तर प्रतिवेदन :–

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है, कि राज्य में वनांचल आंदोलनकारियों एवं जे०पी० आंदोलनकारियों को सम्मान भत्ता दिया जाता है ;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है, कि वनांचल आंदोलनकारियों को दिए जानेवाली सम्मान भत्ता 5000 रूपया को एक अप्रैल 2022 से बढ़ाकर 7000 रूपया कर दी गई है, जबकि दोनों आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण राज्य सरकार के संकल्प संख्या–10/विविध 1013/2008 खंड II 4669 दिनांक–30.07.15 के अंतर्गत आयोग द्वारा किया गया है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। 1. विभागीय संकल्प सं०–2108, दिनांक–07.05.2012 द्वारा झारखण्ड/वनांचल अलग राज्य के गठन हेतु किये गये आंदोलन के आंदोलनकारियों को निम्नरूपेण सम्मान पेंशन दिये जाने हेतु प्रावधान किया गया था :– (क) कारा में छः माह से कम संसीमित रहने पर ₹ 3000/- प्रतिमाह (ख) कारा में छः माह से अधिक संसीमित रहने पर ₹ 5000/- प्रतिमाह उक्त संकल्प को विलोपित करते हुए, विभागीय संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 द्वारा झारखण्ड आंदोलनकारियों/आश्रितों को और अधिक सम्मानजनक पेंशन देने निमित निम्नांकित प्रावधान किये गये है :– (i) कारा में संसीमित आंदोलनकारियों को उनके जीवनकाल एवं मृत्यु होने पर उनके एक आश्रित को जीवनकाल तक सम्मान पेंशन निम्नरूपेण दिया जाएगा :– (a) कारा में तीन माह से कम संसीमित रहने पर ₹ 3,500/– (तीन हजार पाँच सौ रूपये) प्रतिमाह। (b) कारा में तीन माह से छः माह के बीच संसीमित रहने पर ₹ 5,000/–(पाँच हजार रूपये) प्रतिमाह। (c) कारा में छः माह से अधिक संसीमित रहने पर ₹ 7,000/–(सात हजार रूपये) प्रतिमाह। 2. विभागीय संकल्प संख्या–4669, दिनांक–30.07.2015 राज्य सरकार द्वारा जयप्रकाश आंदोलन (18 मार्च 1974 से 21 मार्च, 1977) में भाग लिए राज्य के आंदोलनकारियों को सम्मानित करने/सुविधायें देने हेतु निम्न प्रावधान किये गये है :– (a) उक्त आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में मृत अथवा कारा में संसीमन अवधि में मृत आंदोलनकारी के पति/पत्नी को ₹ 5000/–(पाँच हजार) रूपये मासिक सम्मान पेंशन दिया जा रहा है। (b) उक्त आंदोलन के दौरान मीसा एवं डी०आई०आर० में छः माह से अधिक कारा में संसीमित रहे आंदोलनकारी को ₹ 5,000/–(पाँच हजार रूपये) मासिक का सम्मान पेंशन दिया जा रहा है। (c) उक्त आंदोलन के दौरान मीसा एवं डी०आई०आर० में छः माह तक कारा में संसीमित रहे आंदोलनकारी को ₹ 2500/–(दो हजार पाँच सौ रूपये) मासिक का सम्मान पेंशन दिया जा रहा है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जे०पी० आंदोलनकारियों को वनांचल आंदोलनकारियों के बराबर सम्मान भत्ता एवं पारिवारिक पेंशन तथा पारिवारिक चिकित्सा सुविधा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	वर्त्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

ज्ञापांक–10/वि०स०–711/2023-3422/ राँची, दिनांक 29/07/2023।

प्रतिलिपि–200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा को उनके ज्ञापांक–1807, दिनांक–24.07.2023 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/23

सरकार के संयुक्त सचिव।

श्री भूषण तिर्की, मा०स०वि०स० द्वारा चलते/आगामी अधिवेशन में दिनांक 31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न सं०–04 का उत्तर सामग्री निम्नवत् है :–

अल्पसूचित प्रश्न	उत्तर
क्या यह बात सही है, कि केन्द्रीय कर्मियों को केन्द्र सरकार द्वारा जनवरी, 2020 के 4 प्रतिशत जुलाई, 2020 के 3 प्रतिशत एवं जनवरी, 2021 के 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता (DA) अर्थात कुल महंगाई भत्ता 11 प्रतिशत दी गई है ;	यह बात सही नहीं है कि केन्द्रीय कर्मियों को केन्द्र सरकार द्वारा जनवरी, 2020 के 4 प्रतिशत जुलाई, 2020 के 3 प्रतिशत एवं जनवरी, 2021 के 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता (DA) अर्थात कुल महंगाई भत्ता 11 प्रतिशत दी गई है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के अनुरूप राज्य के सरकारी सेवकों एवं पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को महँगाई भत्ता अनुमान्य किया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा 01 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक की अवधि के लिए महँगाई भत्ता को रोक (Freeze) दिया गया। पुनः भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय) के पत्र संख्या– 1/1/2020-E.II(B) दिनांक 20.07.2021 के द्वारा केन्द्रीय कर्मियों को दिनांक 01.07.2021 के प्रभाव से महँगाई भत्ते की दर 17%, जो 01 जुलाई 2019 के प्रभाव से था , को बढ़ाकर 28% करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में केन्द्रीय कर्मियों का 01 जनवरी 2023 के प्रभाव से महँगाई भत्ता 42% अनुमान्य है।
क्या यह बात सही है, कि राज्य सरकार द्वारा भी राज्य कर्मियों को जनवरी, 2020 के 4 प्रतिशत जुलाई, 2020 के 3 प्रतिशत एवं जनवरी, 2021 के 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता (DA) का एरियर नहीं दिया गया है ;	यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मियों को जनवरी, 2020 के 4 प्रतिशत जुलाई, 2020 के 3 प्रतिशत एवं जनवरी, 2021 के 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता (DA) का एरियर नहीं दिया गया है, क्यूंकि राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की नीति का अनुसरण किया है, जिससे जनवरी, 2020 से जनवरी, 2021 तक की अवधि का महँगाई भत्ता रोक (Freeze) दिया गया था ।
यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या राज्य सरकार खण्ड–2 में वर्णित समयावधि का एरियर झारखण्ड राज्य के कर्मियों को देने का विचार रखती है, हाँ; तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	भारत सरकार, वित्त विभाग (व्यय), नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली के पत्रांक 1/1/2020-E-II(B) दिनांक 23.04.2020 द्वारा COVID-19 से उत्पन्न संकट को देखते हुए केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की महँगाई भत्ता और पेंशनभोगियों की महँगाई राहत की मौजूदा दरों को जुलाई, 2021 तक रोकने (Freeze) का निर्णय लिया गया है। उक्त पत्र के अनुसार 1 जनवरी, 2020 से 30 जून 2021 तक की अवधि का कोई बकाया

	(Arrear) नहीं दिया जाएगा। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय) के पत्र संख्या–1/1/2020-E.II(B) दिनांक 20.07.2021 के द्वारा केन्द्रीय कर्मियों को पुनरीक्षित वेतनमान/वेतन संरचना (सातवॉ वेतनमान) में दिनांक 01.07.2021 के प्रभाव से महँगाई भत्ते की दर को 17% (सत्रह प्रतिशत) से बढ़ाकर 28% (अट्ठाईस प्रतिशत) करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा भी वित्त विभाग के संकल्प संख्या 1598/वि॰ दिनांक 28.07.2021 द्वारा केन्द्र के अनुरूप राज्य कर्मियों का दिनांक 01.07.2021 के प्रभाव से महँगाई भत्ते की दर को 17% (सत्रह प्रतिशत) से बढ़ाकर 28% (अट्ठाईस प्रतिशत) करने का निर्णय लिया गया है। चूँकि केंद्र सरकार के कर्मियों एवं पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2020 से 30 जून 2021 तक की समयावधि का बकाया (Arrear) नहीं देने का निर्णय लिया गया है, अतएव उक्त अवधि का बकाया राज्य सरकार के कर्मियों नहीं दिया जा सकता है।

झारखण्ड सरकार
वित्त विभाग

ज्ञापांक : 10/वि॰स॰ (4)–16/23 2289/वि० राँची/दिनांक: 28.07.2023

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची के ज्ञापांक 1664/वि०स०, राँची, दिनांक 22.07.2023 के आलोक में उत्तर की 200 प्रतियाँ अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.7.23

(अखौरी शशांक सिन्हा)
संयुक्त सचिव

श्री मथुरा प्रसाद महतो, मा०स०वि०स० द्वारा चलते/आगामी अधिवेशन में दिनांक 31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न सं०–07 का उत्तर सामग्री निम्नवत् है :–

अल्पसूचित प्रश्न	उत्तर
क्या यह बात सही है, कि झारखण्ड सरकार में केन्द्र सरकार के तर्ज पर सरकारी कर्मियों के लिए सप्तम् वेतनमान लागू है;	यह बात सही है कि झारखण्ड सरकार में केन्द्र सरकार के तर्ज पर सरकारी कर्मियों के लिए केन्द्रीय सेवा शर्तों सहित सप्तम् वेतनमान लागू है।
क्या यह बात सही है, कि भारत सरकार के पत्रांक–A&2712/02/2017& ESH-(AL) Block-iv, OLD JNU Comrty New Delhi Dated 16th/17th July 2018 के कंडिका 2(a) एवं (b) में केन्द्रीय कर्मियों को children education Allowance के तहत प्रतिमाह 2250/- रूपये दिया जाता है;	यह बात सही है कि भारत सरकार के पत्रांक–A-27012/02/2017-Estt.(AL) Dated 16th /17th July 2018 द्वारा केन्द्रीय कर्मियों को 02 (दो) जीवित संतान के लिए Children Education Allowance की प्रतिपूर्ति के लिए 2250/-रूपये प्रतिमाह प्रति संतान दिया जाता है।
यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार झारखण्ड में केन्द्र सरकार की तर्ज पर children education Allowance लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	6th केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में वर्ष 2008 में केन्द्रीय कर्मियों के अधिकतम 02 (दो) संतान के लिए Children Education Allowance प्रति माह प्रति संतान 1000/-रूपये अनुमान्य किया गया, जिसे वर्ष 2014 में बढ़ाकर 1500/-रूपये किया गया । पुन 7th केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में वर्ष 2017 में बढ़ाकर इसे 2250/-रूपये प्रतिमाह प्रति संतान किया गया है । वर्तमान में राज्य सरकार के कर्मियों को संतान शिक्षण भत्ता (Children Education Allowance) अनुमान्य नहीं है। चूँकि राज्य सरकार के कर्मियों को संतान शिक्षण भत्ता (Children Education Allowance) अनुमान्य करना राज्य सरकार का नीतिगत निर्णय है। इस संबंध में प्रथम दृष्टया अन्य पड़ोसी राज्यों में सरकारी कर्मियों को Children Education Allowance देने का प्रावधान नहीं है, फिर इससे संबंधित सभी वित्तीय पहलू एवं अन्य राज्यों में प्रभावी नियमों का अध्ययन किया जा रहा है। Children Education Allowance से संबंधित नियम / आदेश की प्रति उपलब्ध कराने हेतु वित्त विभागीय पत्रांक 601/वि० दिनांक 27.02.2023 द्वारा बिहार / उत्तर प्रदेश / छत्तीसगढ़ /पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा के वित्त विभाग को अनुरोध किया गया है। पुनः वित्त विभागीय पत्रांक 2240/वि० दिनांक 25.07.2023 द्वारा संबंधित राज्य के वित्त विभागों को

	स्मारित किया गया है। सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार राज्य सरकार सरकारी कर्मियों को Children Education Allowance देने पर विचार कर सकती है ।

झारखण्ड सरकार

वित्त विभाग

ज्ञापांक : 10/वि.स. (4)–15/23 2288/वि० राँची/दिनांक: 28/07/2023

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची के ज्ञापांक 1665/वि०स०, राँची, दिनांक 22.07.2023 के आलोक में उत्तर की 200 प्रतियाँ अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28.7.23

(अखौरी शशांक सिन्हा)

संयुक्त सचिव

प्रो० स्टीफन मरांडी, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछे जाने वाले अल्पसूचित प्रश्न सं०–27 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और दर्जा प्राप्त मंत्री की निजी स्थापना में कार्यरत सरकारी कर्मियों को सातवें वेतन का लाभ मिल रहा है ;	**स्वीकारात्मक।**
2.	क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और दर्जा प्राप्त मंत्री की निजी स्थापना में को–टर्मिनस के आधार पर कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मीगण को सातवें वेतनमान के अनुरूप बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के स्तर पर वर्षों से लम्बित है ;	**आंशिक स्वीकारात्मक।** माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री की निजी स्थापना में को–टर्मिनस के आधार पर कार्यरत पदाधिकारी/कर्मीगण (पूर्व मुख्यमंत्री/मंत्री के निजी सहायक को छोड़कर) को 7वें वेतनमान का लाभ प्रदान किया जा रहा है।
3.	क्या यह बात सही है कि विभागीय स्तर पर अनावश्यक पृच्छा, आनाकानी रवैया एवं Pick and Choose के कारण माननीयों की निजी स्थापना में को–टर्मिनस के आधार पर कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;	**अस्वीकारात्मक।**
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और दर्जा प्राप्त मंत्री की निजी स्थापना में को–टर्मिनस के आधार पर कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप वेतन एवं अन्य भत्ता देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	दर्जा प्राप्त मंत्री की निजी स्थापना में कार्यरत पदाधिकारी/कर्मीगण को 7वें वेतनमान का लाभ प्रदान करने हेतु अन्य राज्य में लागू प्रावधानों का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। यह मामला प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग
(समन्वय)

ज्ञापांक – *सी०एस०–01/विधानसभा–01/2023* 1005/ राँची, दिनांक 27.07.23

प्रतिलिपि– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची को उनके पत्रांक–1916, दिनांक–26.07.2023 के आलोक में, उत्तर सामग्री की यथेष्ट प्रतियाँ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(राजीव रंजन)
सरकार के संयुक्त सचिव
27.07.23

श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–18 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति वर्ग के सभी 22 उपजाति के छात्र–छात्राओं एवं युवाओं को शिक्षा एवं सरकारी नौकरी में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है;	अंशतः स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि ज्ञापांक–14 झा0वि0स0–07–61/2021 का0 4453/दिनांक–03.09.2021 में अंकित किया गया है कि विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 13 के प्रावधानों के अनुसार कंडिका 6(ख) में उल्लिखित भू अभिलेख/रेकर्ड ऑप राइटस/भूमि निबंधन कागजात के आधार पर जाति का निर्धारण प्रायः किया जाता है। उक्त अभिलेख के नहीं होने की स्थिति/संशय में अथवा आवेदक के भूमिहीन होने की स्थिति में स्थानीय जाँच की प्रक्रिया अपनाकर जाति का निर्धारण करते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है;	स्वीकारात्मक।
3	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य के गोड्डा, देवघर, टाटानगर, बोकारो, धनबाद आदि शहरों में 60 से 70 वर्ष पूर्व भूमिहीन लोग कम्पनी, रेल या सरकारी जमीन परिवार के साथ रहकर जीविका चला रहे है जिसके कारण उनके पास दिनांक–10.08.1950 से कोई भू निबंधन कागजात नहीं है ;	संबंधित जिलों से निम्नवत् प्रतिवेदित किया गया है:– 1. गोड्डा– समय–समय पर सुयोग्य भूमिहीन श्रेणी के लाभुकों के साथ गृहस्थल बन्दोवस्ती नियमानुसार सक्षम पदाधिकारी द्वारा किया जाता रहा है। 2. देवघर–ऐसा कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। 3. पूर्वी सिंहभूम– स्वीकारात्मक 4. बोकारों–स्वीकारात्मक। 5. धनबाद – स्वीकारात्मक।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लम्बे वर्षो से झारखण्ड में रह रहे भूमिहीन अनुसूचित जाति वर्ग के छात्राओं एवं युवाओं को शिक्षा एवं सरकारी नौकरी हेतु जिला स्तर पर निर्देश देकर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?	विभागीय परिपत्र सं0–1754, दिनांक–25.02.2019 की कंडिका 13 के प्रावधानों के अनुसार झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा से आच्छादित कोई व्यक्ति इस राज्य में स्वतः आरक्षण की सुविधा पाने के लिए अधिकृत नहीं है। परिपत्र की कंडिका–6 (घ) में उल्लिखित भू–अभिलेख/रेकर्ड ऑफ राइटस/भूमि निबंधन कागजात, जिस अभिलेख के आधार पर जाति का निर्धारण प्रायः किया जाता है, के नहीं होने की स्थिति/संशय की स्थिति में अथवा आवेदक के भूमिहीन होने की स्थिति में स्थानीय जाँच की निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर जाति का निर्धारण करते हुए जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है। उक्त परिपत्र सभी जिले के उपायुक्तों को पूर्व से प्रेषित है तथा विभागीय वेबसाइट www.dopjharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–14/झा0वि0स0–07–42/2023 का0–4387/रांची, दिनांक 29/07/2023

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, रांची को झारखण्ड विधान सभा सचिवालय के ज्ञाप सं0–1803, दिनांक–24.07.2023 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.7.23

(संजय कुमार रजक)
सरकार के अवर सचिव।

श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–28 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि भूईहर मुण्डा, खुँटकटी मुण्डा, कम्पाट मुण्डा, चीक बड़ाईक, भुइंया (पाईक), लोहरा एवं करमाली समुदाय को राज्य के कुछ जिलों में अनुसूचित जाति/जनजाति प्रमाण पत्र हासिल करने में कठिनाई हो रही है;	अस्वीकारात्मक। झारखण्ड राज्य हेतु अनुसूचित जनजाति की सूची में भूईहर मुण्डा, खुँटकटी मुण्डा एवं कम्पाट मुण्डा जाति सूचीबद्ध नहीं है। चीक बड़ाइक, लोहरा एवं करमाली जाति झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध हैं। भुईया जाति अनुसूचित जाति की सूची में सूचीबद्ध है तथा पाईक जाति पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) में सूचीबद्ध है। जो जातियाँ झारखण्ड राज्य हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) में सूचीबद्ध हैं, उन्हें प्रभावी नियमों के तहत संबंधित जाति का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है।
2	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड जनजातीय परामर्शदातृ समिति (TAC) की उपसमिति, जिसके अध्यक्ष श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा थे, 13.08.2019 को सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिया की (क्रमांक–2) वि जहाँ भूईहर मुण्डा, खुँटकटी मुण्डा, कम्पाट मुण्डा, चीक बड़ाईक, लोहरा एवं करमाली समुदाय के चिन्हित ग्राम है, समिति द्वारा लिपिकीय भूल मानते हुए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को इसे संशोधन करने हेतु अनुशंसा किया गया था;	वस्तुस्थिति यह है कि भुईहर मुण्डा, खूटकटी मुण्डा, कपाट मुण्डा, लोहार, घटवाल एवं चीक बड़ाईक जातियों की अनुसूचित जनजाति की मान्यता के संबंध में मूल्यांकन हेतु झारखण्ड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की उपसमिति का गठन किया गया था। झारखण्ड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की उक्त के सम्बन्ध में अनुशंसा/मंतव्य प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।
3	क्या यह बात सही है कि 2019 में झारखण्ड सरकार के कैबिनेट द्वारा भुईया जाति की सभी उपाधि प्राप्त जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ देने के प्रस्ताव पारित किया गया था ;	स्वीकारात्मक। मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–21.02.2019 में झारखण्ड की भुईयाँ जाति की उपजातियाँ क्षत्रीय, पाईक, खंडित पाईक, कोटवार, प्रधान, मांझी, देहरी क्षत्रीय, खण्डित भुईयाँ, तथा गड़ाही/गरही को भुईयाँ जाति के पर्यायवाची के रूप में अनुसूचित जाति की श्रेणी में सम्मिलित करने हेतु भारत सरकार से अनुशंसा करने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई थी। तदोपरान्त विभागीय पत्रांक–2163, दिनांक–07.03.2019 के द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को उक्त अनुशंसा भेजते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अपने पत्र दिनांक–22.09.2022 के द्वारा राज्य सरकार की अनुशंसा का समर्थन भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय के द्वारा नहीं किए जाने की सूचना देते हुए प्रस्ताव की पुनर्समीक्षा करने अथवा भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय की टिप्पणी के आलोक में प्रस्ताव के समर्थन में और औचित्य प्रदान करने का

		रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची से प्रतिवेदन की मांगी की गई है।
4	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय का जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही कठिनाईयों तथा खतियान में हुई लिपिकीय त्रुटियों का समाधान करने एवं कैबिनेट द्वार 2019 में पारित प्रस्ताव को लागू करने पर विचार रखती है, हाँ तो, कबतक, नहीं तो क्यों?	उपर्युक्त कंडिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–14/झा0वि0स0–07–45/2023 का0–...../ रांची, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, रांची को झारखण्ड विधान सभा सचिवालय के ज्ञाप सं0–1911, दिनांक–26.07.2023 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(संजय कुमार रजक)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/झा0वि0स0–07–45/2023 का0–...../ रांची, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– नोडल पदाधिकारी–सह–उप सचिव, कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को उत्तर सामग्री को ऑनलाइन झारखण्ड विधान सभा को उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–14/झा0वि0स0–07–45/2023 का0–4353/ रांची, दिनांक 28.07.2023

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–11, कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रांची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/7/23

सरकार के अवर सचिव।

श्री बिनोद कुमार सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्प–सूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–01 का उत्तर प्रतिवेदनः–

क्र.	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य सेवा गारण्टी की अधिनियम 2011 की धारा 10 में राज्य लोक सेवा परिदान आयोग के गठन का प्रावधान है ; जो इस अधिनियम की पूर्ति के लिए कार्य करेगी ;	स्वीकारात्मक
2.	क्या यह बात सही है कि अधिसूचना के 12 वर्ष बाद भी लोक सेवा परिदान आयोग का गठन नहीं हुआ है, जिससे इस अधिनियम के उद्देश्य का कार्य पूर्ण होने में बिलम्ब हो रहा है ;	आंशिक स्वीकारात्मक
3.	यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य लोक सेवा परिदान आयोग का गठन करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों?	''झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारन्टी अधिनियम, 2011'' की धारा–10 के अनुसार ''राज्य सरकार, राजकीय गजट में अधिसूचना द्वारा, विहित संरचनायुक्त एक राज्य लोक सेवा परिदान आयोग का गठन करेगी, और उसे इस अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति के लिये कृत्य सौंपेगी अथवा किसी कार्यरत आयोग को इस अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राधिकृत करेगी। उक्त हेतु प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–16 / वि0स0प्र0–08–04 / 2023 का 4278 दिनांक 26/07/2023

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची के ज्ञाप सं0–1655 दिनांक–22.07.2023 के प्रसंग में 250 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. श्री अमर कुमार, नोडल पदाधिकारी–सह–उप सचिव, कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/07/2023

(सुनील कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

(28)

श्री लोबिन हेम्ब्रम, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक–31.07.2023 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–10 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है, कि संविधान के अनुच्छेद–5 अधिवास भारतीय नागरिकता के संदर्भ में परिभाषित किया गया है;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है, कि खंड–1 में वर्णित अधिवास के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद–16 (3) में प्रावधान है कि किसी भी राज्यों के लिये संसद Law बना सकती है जिसके तहत् राज्य के स्थानीय व्यक्तियों को किसी भी वर्ग के लिये नियोजन दे सकती है तथा इस संदर्भ में राज्य को संवैधानिक प्रक्रिया के तहत पहल करनी होती है;	स्वीकारात्मक। विधि विभाग के पत्रांक–1748, दिनांक–28.07.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उपरोक्त के संदर्भ में यह बात सही है कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 16 (3) में वर्णित प्रावधान अनुच्छेद 16 (1) एवं 16 (2) का अपवाद स्वरुप है तथा वर्णित संदर्भ बिंदु में/पर संसद को विधि बनाने की शक्ति प्रदत्त है।
3	क्या यह बात सही है कि अनुच्छेद–16 (3) में प्रावधानिक शक्ति का प्रयोग कर आंध्रप्रदेश राज्य के पहल पर भारत के संसद ने सन 1957 में " लोक नियोजन (निवास संबंधी उपेक्षा) अधिनियम, 1957" उपबंध कर अनुच्छेद–371 (D) की व्यवस्था दी है जो झारखण्ड राज्य के लिये अनुकरणीय है;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। विधि विभाग के पत्रांक–1748, दिनांक–28.07.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उपरोक्त के संदर्भ में यह बात सही है कि भारत का संविधान (32वां संशोधन) अधिनियम, 1973 की धारा 3 द्वारा (01.07.1974) अंतःस्थापित अनुच्छेद 371–घ. आन्ध्रप्रदेश एवं तेलांगना राज्य के संबंध में विशेष उपबंध करती है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–2 एवं 3 में वर्णित विषय की गंभीरता के मद्येनजर आंध्रप्रदेश राज्य के संदर्भ में अपने Constitutional Liabilities का अनुकरण करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक–11.11.2022 को "झारखण्ड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022" पारित किया गया है। उक्त विधेयक की धारा 6(क) निम्नवत है:– "इस अधिनियम के तहत पहचाने गये स्थानीय व्यक्ति ही राज्य सरकार के वर्ग–3 और वर्ग–4 के पदों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।" उल्लेखनीय है कि झारखण्ड विधान सभा से उपर्युक्त वर्णित विधेयक के पारित होने के उपरान्त अनुवर्ती विधायी कार्य प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

ज्ञापांक–14/झा0वि0स0–07–41/2023 का0–4359/ रांची, दिनांक 29/07/2023

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, रांची को झारखण्ड विधान सभा सचिवालय के ज्ञाप सं0–1656, दिनांक–22.07.2023 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.7.23

(संजय कुमार रजक)
सरकार के उप सचिव।

श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, मा॰स॰वि॰स॰ द्वारा दिनांक–31.07.2023 को विधान सभा में पूछे जाने वाले अल्प–सूचित प्रश्न सं०–अ॰सू॰–15 का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, मा०स०वि०स०	**श्री बन्ना गुप्ता, माननीय विभागीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग**
(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मॉनसून की आहट के साथ ही वज्रपात का सिलसिला शुरू हो जाता है ;	स्वीकारात्मक।
(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अभी खेती–बाड़ी का समय है और इससे किसानों एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का वज्रपात के चपेट में आने की आशंका ज्यादा होती है ;	स्वीकारात्मक।
(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी विद्यालयों एवं सरकारी भवनों में सुरक्षा कवच (तड़ित चालक) नहीं है ;	इस प्रभाग से संबंधित नहीं है।
(4) क्या यह बात सही है कि राज्य में अभी तक वज्रपात से 50 लोगों की मौत हो चुकी है;	वित्तीय वर्ष 2022–23 में वज्रपात से कुल 258 लोगों की मृत्यु हुई है।
(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी विद्यालयों, सरकारी भवनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा कवच (तड़ित चालक) लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यो?	इस संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), नई दिल्ली से तड़ित चालक लगाने के बिन्दु पर आवश्यक मार्गदर्शन की माँग की गई है।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
(आपदा प्रबंधन प्रभाग)

ज्ञापांक–07 / विधायी(अ॰सू॰)–30 / 2023–आ०प्र०–629 / राँची, दिनांक–28.07.2023

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची / अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/7/2023

(अमरेश कुमार नीरज)
विशेष कार्य पदाधिकारी

श्री सरयू राय, स०वि०स० द्वारा दिनांक 31.07.2023 को पूछा जानेवाला अल्प–सूचित प्रश्न सं०–अ०सू०–16 की उत्तर सामग्री :–

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के वार्षिक बजट आवंटन का बड़ा भाग वित्तीय वर्ष के अंत तक खर्च नहीं हो पाता है और इसका खासा हिस्सा पी०एल० अकाउंट में जमा कर दिया जाता है;	वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू० 91,277.00 करोड़ (एकान्वे हजार दो सौ सतहत्तर करोड़ रूपये) का बजट उपबंधित था, जिसके विरूद्ध रू० 77864.88 करोड़ (सतहत्तर हजार आठ सौ चौसठ करोड़ रूपये) की राशि व्यय की गयी, जो कुल उपबंध का 85.31% है । वित्तीय वर्ष 2022–23 में रू० 1,01,101.00 करोड़ (एक लाख एक हजार एक सौ एक करोड़ रूपये) का बजट उपबंधित था, जिसके विरूद्ध रू० 91,637.82 करोड़ (एकान्वे हजार छः सौ सैंतीस करोड़ रूपये) की राशि व्यय की गयी, जो कुल उपबंध का 90.64% है । इस प्रकार बजट उपबंध के विरूद्ध व्यय प्रतिशत में वृद्धि हो रही है । झारखण्ड कोषागार का नियम 261 (b) तथा वित्त विभागीय संकल्प संख्या 118/वि० दिनांक 12.01.2007 के माध्यम से बोर्ड/निगम/स्वायत्तशासी निकायों को राज्य सरकार द्वारा दी गयी अनुदान की राशियों को पी०एल० अकाउंट में रखा जाना प्रावधानित है । इन संस्थाओं को बजट शीर्ष से पी०एल० अकाउंट में राशि दी जाती है एवं इनके द्वारा पी०एल० अकाउंट के माध्यम से ही व्यय किया जा सकता है ।
2.	क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22 और 2022–23 में बजट आवंटन की क्रमशः 71.86%, 82%, 80.54% और 75% राशि ही खर्च हो पाई थी और प्रत्येक वर्ष व्यय की राशि में से 10,000 करोड़ से अधिक पी०एल० अकाउंट में जमा दिखाया गया है;	

वित्तीय वर्ष	बजट उपबंध के विरूद्ध व्यय का प्रतिशत	पी०एल० अकाउंट में हस्तांतरित की गयी राशि (करोड़ में)	पी०एल० अकाउंट के माध्यम से व्यय की गयी राशि (करोड़ में)
2019–20	82.80%	10,447.62	11,088.27
2020–21	85.51%	12,274.45	9,638.19
2021–22	85.31%	10,246.04	11,022.02
2022–23	90.64%	17,023.16	14,162.63

3.	क्या यह बात सही है कि वर्ष 2022–23 में व्यय वार्षिक बजट में से करीब 15,000 करोड़ पी०एल० अकाउंट जमा हुआ है;	वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल रू० 1,01,101 करोड़ (एक लाख एक हजार एक सौ एक करोड़ रूपये) राशि का बजट उपबंध किया गया था । उक्त वित्तीय वर्ष में कुल रू० 17,023.16 करोड़ (सतरह हजार तेइस करोड़ रूपये) राशि पी०एल० अकाउंट में हस्तांतरित की गयी, तथा इस वर्ष पी०एल० अकाउंट से रू० 14,162.62 करोड़ (चौदह हजार एक सौ बासठ करोड़ रूपये) राशि का व्यय किया गया है ।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बताएगी की बजट की पूरी राशि उसी वित्तीय वर्ष में व्यय नहीं होने का क्या कारण है और विगत 10 वर्षो से वर्षवार व्यय बजट में से कितनी राशि पी०एल० अकाउंट में जमा दिखाई जाती रही है ?	किसी वित्तीय वर्ष के लिए बजट का निर्धारण उस वर्ष होने वाली अनुमानित आय एवं व्यय के आधार पर की जाती है । यह एक प्रकार का आकलन होता है तथा आकलन के आधार पर उपबंधित बजट की राशि का शतप्रतिशत व्यय नहीं हो पाता है । तथापि वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ करते हुए व्यय के प्रतिशत में विगत वर्षों में वृद्धि की गयी है इस संबंध में विभाग प्रयासरत है । विगत 10 वर्षो में पी०एल० अकाउंट में जमा तथा पी०एल० अकाउंट के माध्यम से व्यय की गयी राशि की विवरणी निम्नवत् है :–

वित्तीय वर्ष	पी०एल० अकाउंट में हस्तांतरित की गयी राशि (करोड़ में)	पी०एल० अकाउंट के माध्यम से व्यय की गयी राशि (करोड़ में)
2013-2014	2613.94	2970.85
2014-2015	5155.09	4422.64
2015-2016	12054.22	10166.20
2016-2017	8406.87	4136.44
2017-2018	12694.02	8979.76
2018-2019	9875.32	8730.74
2019-2020	10447.62	11088.27
2020-2021	12279.45	9683.19
2021-2022	10246.04	11022.02
2022-2023	17023.16	14162.63
TOTAL	**100795.73**	**85362.74**

बोर्ड / निगम / स्वायत्तशासी निकायों के लिए झारखण्ड कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के

		आलोक में पी०एल० अकाउंट खोलते हुए राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि संधारित की जाती है । नियम 334 के आलोक में लगातार दो वित्तीय वर्ष तक पी०एल० अकाउंट में संधारित अवशेष राशि को राजकोष में प्रत्यर्पित करने का प्रावधान है, जिसके क्रम में वित्त विभाग के द्वारा निरन्तर समीक्षा की जा रही है एवं पी०एल० अकाउंट की अवशेष राशि को राजकोष में प्रत्यर्पित करने हेतु प्रयास किया जा रहा है ।

झारखण्ड सरकार
वित्त विभाग

ज्ञापांक :– 10/वि0स0(4)–20/2023 .....2299/वि० राँची दिनांक 28/7/23

प्रतिलिपि :– उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को 200 (फोटो प्रति) प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

28.07.2023

(अविनाश कुमार सिंह)
विशेष कार्य पदाधिकारी,
वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची।